सीबीएसई/सचिव/मीडिया व जन–संपर्क/2024 दिनांक: 05.06.2024

**प्रेस नोट**

विद्यालयों को आंतरिक आकलन प्रक्रियाओं की समीक्षा करने की सलाह

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा उन्नत एआई उपकरणों के माध्यम से पिछले वर्षों के परिणाम के आंकड़ों के आधार पर लगभग 500 सीबीएसई-संबद्ध विद्यालयों में 50% या उससे अधिक छात्रों के कुछ विषयों में थ्योरी और प्रैक्टिकल के अंकों के बीच बड़ा अंतर/ असंगति पाई गई है ।

यह असंगति/ अंतर दर्शाता है कि विद्यालयों में प्रैक्टिकल परीक्षाओं के दौरान सावधानीपूर्वक आकलन किए जाने की आवश्यकता है। इसका संज्ञान लेते हुए , बोर्ड ने ऐसे विद्यालयों को अपनी आंतरिक आकलन प्रक्रियाओं की समीक्षा करने की सलाह दी है। इसका उद्देश्य एक पारदर्शी, अधिक सुदृढ़ और विश्वसनीय प्रणाली को क्रियान्वित करना है जिससे एक समुचित आकलन प्रक्रिया सुनिश्चित हो, जो विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा को पर्याप्त रूप से सार्थक बनाए।

यह सलाह प्रैक्टिकल परीक्षाओं के आकलन में निष्पक्षता और सटीकता को प्राथमिकता देने के लिए एक अनुस्मारक के रूप में है, ताकि सीबीएसई-संबद्ध संस्थानों में दी गई शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित हो ।

**सचिव, सीबीएसई**